2020/00041

# फर्द अहकाम

## (नियम–26)

## लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चितौड़गढ़ (राज0)

श्री जगदीश चन्द्र पिता रामचन्द्र जाट मुकाम माताजी का मण्डपिया पो. नेवरिया, वाया पहुंना, जिला चित्तौड़गढ़

**बनाम**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, चित्तौड़गढ़

किस्म प्रकरण अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

प्रकरण संख्या 18 / 2020

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 12.02.2020 | सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपीलार्थी श्री जगदीश चन्द्र पिता रामचन्द्र जाट मुकाम माताजी का मण्डपिया पोस्ट नेवरिया वाया पहुंना, जिला चित्तौड़गढ़ ने सूचना प्राप्ति हेतु एक आवेदन दिनांक 25.11.2019 को लोक सूचना अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, चित्तौड़गढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया। लोक सूचना अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रार्थी को उक्त आवेदन से चाही गई सूचनाऐं उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील इस कार्यालय को जरिए ड़ाक प्रस्तुत की गई है।<br>यहां यह उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) का अपीलीय प्राधिकारी होकर लोक सूचना अधिकारी / सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत निर्धारित अवधि में सूचना उपलब्ध नही कराने पर ही अपील ग्रहण करता है। अपील के साथ संलग्न सूचना के अधिकार के तहत प्रस्तुत आवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त आवेदन लोक सूचना अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, चित्तौड़गढ़ को सम्बोधित है एवं चाही गई सूचनाएं पंचायत समिति, राशमी से संबंधित है जो कि पंचायती राज विभाग का विषय है। लोक सूचना अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, चित्तौड़गढ़ के विरूद्व प्रस्तुत अपील पर इस कार्यालय द्वारा सुनवाई की सक्षमता / क्षैत्राधिकार नहीं है। अतः अपीलार्थी को संबंधित अपीलीय प्राधिकारी (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, चित्तौड़गढ़) के यहां अपील प्रस्तुत करने के परामर्श के साथ अपील निस्तारित की जाती है। निर्णय की प्रति संबंधित को प्रेषित की जावे।<br>12.2.20<br>(चेतन देवड़ा)<br>**लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी**<br>(जिला कलक्टर)<br>**चित्तौड़गढ़ (राज.)** | |

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official